आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिन के राजस्थान दौरे के तहत आज शाम जैसलमेर पहुंचेगी– कल सुबह हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरने और वायुशक्ति युद्धाभ्यास देखने का कार्यक्रमं

- प्रदेश में निजी बस ऑपरेटरों की तीन दिन से चल रही हड़ताल के बीच सरकार ने समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद जताई

- सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार के अध्याय वाली 8वीं कक्षा की पुस्तक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगायां

- प्रदेश में तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से सर्दी का असर लगभग खत्म – कई स्थानों पर दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचां

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय राजस्थान दौरे के तहत आज शाम जैसलमेर पहुंच रही हैं वे कल सुबह जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर देश में ही विकसित लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगीं यह पहला अवसर होगा जब कोई राष्ट्रपति सह–पायलट के रूप में स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में उड़ान भरकर सीमावर्ती क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण करेगां अपनी जैसलमेर यात्रा के दौरान राष्ट्रपति वायुसेना के अधिकारियों और जवानों से संवाद कर उनका हौंसला अफजाई भी करेंगीं कल शाम वे भारत–पाक सीमा के समीप पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के भव्य युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति–2026' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगीं इस मेगा एक्सरसाइज में वायुसेना के 70 से अधिक लड़ाकू विमान और 40 से ज्यादा हेलीकॉप्टर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगें कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगें

000

प्रदेश में निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही, जिससे आम यात्रियों और श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं राज्य की लगभग 35 हजार निजी बसों में से अधिकांश का संचालन ठप होने से लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं विशेषकर खाटूश्यामजी मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही हैं निजी बसों की कमी के कारण राजस्थान रोडवेज और ट्रेनों में यात्रियों का भार अत्यधिक बढ़ गया हैं परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. बुनकर ने आकाशवाणी को बताया कि सरकार और बस संचालकों के बीच बातचीत का दौर जारी हैं

उन्होंने उम्मीद जताई कि यात्रियों के हित में जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लिया जाएगां इस बीच आज विधानसभा में भी निजी बसों की हड़ताल का मुद्दा गूंजां विधायक शिखा मील बराला और चंद्रभान सिंह आक्या ने शून्यकाल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि हड़ताल के कारण जनता परेशान है और सरकार को इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिएं

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत न केवल विश्व की महाशक्ति रहा है, बल्कि विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में संपूर्ण विश्व का महा–मार्गदर्शक' भी रहा हैं श्री देवनानी आज जयपुर के एम.एन.आई.टी. परिसर में तीन दिन के राजस्थान विज्ञान महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थें उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा पर गर्व करते हुए इसे आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ने की आवश्यकता हैं श्री देवनानी ने आह्वान किया कि स्कूलों और कॉलेजों में बाल वैज्ञानिकों को ऐसा वातावरण और मार्गदर्शन दिया जाए जिससे वे भविष्य में देश का नाम रोशन कर सकें कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य प्रशासन में आर्टिफिशियल

इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग और भविष्य की तकनीकी योजनाओं पर प्रकाश डालां उन्होंने बताया कि राज्य में शिक्षा और सुशासन में तकनीक के समावेश के लिए गंभीर प्रयास हो रहे हैं

..........................

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और विज्ञान भारती द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य विषय महिलाएं और विज्ञानः विकसित भारत का रोडमैप रखा गया हैं समारोह में पद्मश्री प्रो. आशुतोष शर्मा सहित देश के कई जाने–माने वैज्ञानिक और विशेषज्ञ भी उपस्थित रहें

000

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) और गूगल ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों की जानकारी दिखाने के लिए समझौता किया हैं इस सुविधा से नागरिक अपने पास के आधार केंद्रों को आसानी से ढूंढ सकेंगें गूगल मैप्स पर यह जानकारी मिलेगी कि किस केंद्र पर नया नामांकन हो रहा है और कहां केवल पता या मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा हैं इसके साथ ही केंद्रों के खुलने का समय, वहां पार्किंग की व्यवस्था और दिव्यांगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी मैप्स पर दिखेगीं यह सेवा आने वाले महीनों में शुरू होगीं इससे देश भर के 60 हजार से अधिक केंद्रों तक लोगों की पहुंच आसान बनेगीं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीईआरटी की कक्षा 8 की उस पुस्तक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक अध्याय हैं सर्वोच्च न्यायालय ने सभी प्रतियों को जब्त करने के साथ–साथ इसके डिजिटल प्रारूपों को भी हटाने का आदेश दिया हैं न्यायालय ने केंद्र और राज्य प्रशासन को तत्काल अपने निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया है और किसी भी रूप में निर्देशों का उल्लंघन करने पर गंभीर कार्रवाई की चेतावनी दी हैं

000

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भीलवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लियां एक दिन के प्रवास पर आये डॉ. यादव ने भीलवाड़ा के वस्त्र उद्यमियों के साथ संवाद भी कियां उन्होंने कपड़ा उद्यमियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि वहां उद्योगों के लिए बिजली, पानी और श्रम कानूनों को बेहद अनुकूल बनाया गया हैं इस दौरान भीलवाड़ा के एक प्रमुख उद्योगपति ने मध्य प्रदेश में 5000 करोड़ रुपये के निवेश की इच्छा जताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें विशेष रियायतें देने का आश्वासन दियां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दोनों राज्य मिलकर विकास की राह पर अग्रसर हैं

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले के नीमराणा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा ऑटो कंपोनेंट्स इकाइयों के लिए विशेष निर्यात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गयां जिला उद्योग और वाणिज्य केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय बाजार, निर्यात प्रक्रियाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना थां इस कार्यक्रम में कस्टम विभाग, बैंकिंग और निर्यात संवर्द्धन परिषद के विशेषज्ञों ने वित्तीय सहायता और बीमा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान कियां

000

पाली में जिला प्रशासन और राजीविका की ओर से आयोजित 'राजसखी मेला' आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं पिछले शनिवार से शुरू हुए इस मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की अच्छी बिक्री हो रही हैं राजीविका के जिला प्रबंधक महेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि पिछले पांच दिनों में मेले में करीब 10 लाख रुपये का कारोबार हो चुका हैं झालावाड़ से आईं स्वयं सहायता समूह की सदस्य सीमा कंवर ने बताया कि इस मंच से उन्हें अपने उत्पादों के लिए बड़ा बाजार मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही हैं

000

प्रदेश में तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से सर्दी लगभग खत्म हो गई हैं राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया हैं न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री तक पहुंचने को हैं बीती रात फलोदी में न्यूनतम तापमान 19 दशमलव 8 डिग्री और बाड़मेर में 19 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहां हालांकि फतेहपुर में रात का तापमान अब भी एक अंक में बना हुआ हैं इस बीच सरहदी जिले बाड़मेर और पाली में सूरज के तीखे तेवर से लोग फरवरी में भी परेशान होने

लगे हैं दोपहर में तेज धूप के चलते बाजारों में आवाजाही कम हो गई है और घरों तथा कार्यालयों में पंखे तथा एसी चलने लगे हैं खेतों में रबी की फसलों की कटाई में जुटे किसानों को भी तेज तपिश के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं उधर, माउंट आबू में भी दिन के समय गर्मी का एहसास होने लगा है, हालांकि सुबह और शाम के समय अब भी हल्की ठंडक के साथ मौसम सुहावना बना हुआ हैं मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में तीन डिग्री तक की और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई हैं

000

जयपुर की सांभर झील में कल भव्य 'सांभर बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगां वन विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य झील की जैव विविधता और प्रवासी पक्षियों के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना हैं महोत्सव के दौरान पर्यटकों और पक्षी प्रेमियों को ड्रोन, दूरबीन और स्पॉटिंग स्कोप के माध्यम से बर्ड वॉचिंग का अनुभव कराया जाएगां

पर्यावरण और वन्य जीवों की जानकारी से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए स्कूली बच्चों के बीच क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी होंगीं कार्यक्रम में नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का प्रदर्शन और दुर्लभ पक्षियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगीं इसके अलावा, 'वैटलैंड मित्र पंजीकरण अभियान' भी चलाया जाएगां

000